BULANDSHAHR POLICE

दिनाँक 21 मार्च 2023 **थाना अनूपशहर**

धीरज हत्याकांड में संलिप्त 02 हत्यारोपी गिरफ्तार।

अवगत कराना है कि दिनांक 14.03.2023 को थाना खुर्जा देहात क्षेत्रान्तर्गत जंगल ग्राम गवां में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला था। पुलिस के अथक परिश्रम से शव की शिनाख्त धीरज पुत्र हरी सिंह निवासी ग्राम सेंगा जगतपुर थाना अगौता जनपद बुलन्दशहर के रुप में हुई थी। मृतक धीरज के भाई ओमप्रकाश द्वारा अभियुक्त मुकेश व जितेन्द्र को नामजद करते हुए दिनांक 20.03.2023 को थाना अनूपशहर पर मुअसं- 103/23 धारा 364/302/201/34 भादवि पंजीकृत कराया गया था।

उक्त घटना के क्रम में थाना अनूपशहर पुलिस द्वारा जांच/छानबीन में अभियुक्त अर्जुन का नाम भी प्रकाश में आया। आज दिनांक 21-03-2023 को थाना अनूपशहर पुलिस द्वारा अभियुक्त जितेन्द्र व अर्जुन को कस्बा अनूपशहर अलीगढ़ बस अड्डे से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त मुकेश की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना अनूपशहर पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-

1- जितेन्द्र पुत्र चोखेलाल निवासी ग्राम रौरा थाना अनूपशहर जनपद बुलन्दशहर।

2- अर्जुन पुत्र राजेन्द्र निवासी ग्राम गवां थाना खुर्जा देहात जनपद बुलन्दशहर (हाल पता- रुकमणी विहार कस्बा व थाना अनूपशहर जनपद बुलन्दशहर)।

हत्या का कारण- मृतक का भाई ओमप्रकाश करीब 1.5 वर्ष से अभियुक्त मुकेश यादव पुत्र रामअवतार निवासी भारद्वाज कालौनी कस्बा व थाना अनूपशहर जनपद बुलन्दशहर के मकान में अपनी पत्नी बच्चों व छोटे भाई धीरज (मृतक) के साथ रह रहा था। अभियुक्त मुकेश (मकान मालिक) की भांजी दिनांक 10.09.2022 को घर से कही चली गयी थी जिसके संबंध में थाना अनूपशहर पर मुअसं- 336/22 धारा 363 भादवि पंजीकृत करते हुए अभियुक्त मुकेश की भांजी को बरामद कर लिया गया था तथा अभियुक्त की भांजी दिनांक 04.03.2023 को पुनः घर से कही चली गयी थी। अभियुक्त मुकेश को शक था की उसकी भांजी को मृतक धीरज द्वारा किसी के साथ भगाया गया है। इसी के चलते अभियुक्त मुकेश ने अपने साथी जितेन्द्र व अर्जुन के साथ मिलकर धीरज को मारने की योजना बनायी तथा योजनानुसार दिनांक 13.03.2023 को धीरज को घर से दवाई लेने के बहाने मुकेश की वेगआर कार में बैठाकर सुनाई पैठ पर ले गये तथा वहां चारो ने शराब पी तथा धीरज को ज्यादा शराब पिलाई फिर धीरज को गाड़ी में बैठाकर थाना खुर्जा देहात क्षेत्रान्तर्गत बाला बम्बे पर ले गये। वहां पर धीरज को गाड़ी से उतार कर अभियुक्त जितेन्द्र व अर्जुन ने धीरज के गले में पड़े अंगोछे से उसका गला दबा दिया तथा मुकेश ने गंडासे से वार कर धीरज की हत्या कर दी तथा शव को वहीं छोड़कर फरार हो गये।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. श्री धर्मेन्द्र सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना अनूपशहर
2. निरीक्षक श्री पप्पू सिंह ठैनुआ, व0उ0नि0 महेन्द्र कुमार त्रिपाठी
3. है0का विनोद कुमार, है0का0 अमित तोमर, का0 संदीप यादव

मीडिया सेल बुलंदशहर